श्री उदय कुमार सिंह, माननीय स० वि० स० से प्राप्त प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं०–481/26 का उत्तर प्रतिवेदन

याचिकाकर्त्ता का नाम एवं पता

1. शिवपुकार सिंह, पता–इसमाईलपुर।
2. संजय सिंह, पता– दरना एवं अन्य तीन।

याचिका	उत्तर
गया जी जिला के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत पंचायत बार के ग्राम हरना में बाबा ईंट भट्ठा के पास नहर में पुल नहीं रहने के कारण लगभग दर्जनों गांव के ग्रामीणों 10 कि०मी० घूमकर आवागमन हुआ करता है यदि नहर पर पुल का निर्माण करा दिया जाता है तो ग्राम नकनुपा, हरना, निरंजन टॉड, भरारी, बहेलीया बिगहा दर्जनों गाँव के ग्रामीणों का आवागमन करने में सहूलियत होगी। अतः हम सभी ग्रामीण लोग बिहार विधान सभा की याचिका समिति से नहर पर पुल निर्माण अतिशीध्र करवाने की याचना करते हैं।	वस्तुस्थिति यह है कि :– प्रश्नगत मामला गयाजी जिला के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत पंचायत बार के ग्राम हरना के समीप लीलाजन सिंचाई योजना के बगाही शाखा नहर के कि०मी० 11.00 पर पुल निर्माण से संबंधित है। बगाही शाखा नहर के कि०मी० 9.40 कि०मी० एवं 11.80 कि०मी० पर पूर्व से एकपथीय सेतु निर्मित है। बगाही शाखा नहर का रूपांकित जलश्राव 320 क्यूसेक है। विभागीय मापदंड के अनुसार बगाही शाखा नहर में दो पुलों की बीच की न्यूनतम दूरी 1.60 कि०मी० होनी चाहिए, जबकि याचिका में वर्णित स्थल से अपस्ट्रीम में 9.40 कि०मी० एवं डाउनस्ट्रीम में 11.80 कि०मी० पर पूर्व से निर्मित एकपथीय सेतु की औसत दूरी 1.20 कि०मी० है, जो विभागीय मापदंड के अनुसार 1.60 कि०मी० से कम है। साथ ही याचिका में वर्णित स्थल के बायें नहर बांध की ओर कच्ची सम्पर्क सड़क निर्मित है एवं नहर के दायें बांध पर सेवापथ है। अतः याचिका में वर्णित स्थल पर पुल निर्माण विभागीय मापदंड के अनुसार मान्य नहीं है। यदि वर्णित स्थल पर ग्रामीण कार्य विभाग से पुल निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र के लिये प्रस्ताव प्राप्त होता हैं तो जल संसाधन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–10 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–263 दिनांक–08.04.2026 के आलोक में प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0–481 / 26 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–10 / 2026 पटना / दिनांक :..........

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–10 / 2026 पटना / दिनांक :..........

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

3/6/26

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–10 / 2026 3040 पटना / दिनांक :..........

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/6/26

(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव